एकड़ से ऊपर जितनी भी जमींन है, ए०वी०सी०डी० किसी की भी हो, वह ले ली जाय। जितने बड़े-बड़े फार्म हैं—टाटा, बिरला के, डालमिया के, रजबाड़ों के और बड़े-बड़े अफसरों के, जैसे बिजवासन में हैं, जो लोग सीलिंग को डिफीट करने की बात करते हैं, किसी ने अपने नाम पर बना रखा है, किसी ने बीबी के नाम पर बना रखा है, किसी ने आचर्ड नाम रखा हुआ है और लोगों को लूट रहे हैं, उन सब को ले लिया जाय। इसके अलावा जितनी जमीन गवर्नमेन्ट की है—फौरेस्ट की है जो इस्तेमाल में नहीं आती है, नहरों के साथ-साथ है, नजूल की जमीन है या ऐसी जमीने हैं जो गवर्नमेन्ट के पास पड़ी हुई हैं—मिलिट्री ने बहुत सी जमीनों को एक्वायर किया हुआ है, लेकिन इस्तेमाल में नहीं आ रही हैं, उन सब जमीनों को इन भाइयों को एलाट किया जाय। यह काम एक-दो दिन में नहीं होगा, इस में टाइम लगेगा, महीना, दो महीना, तीन महीना ले लें, लेकिन काम होना चाहिये, लफ्फाजी बातें नहीं होनी चाहिये।

मैं यह भी कहना चाहता हूँ—अगर गवर्नमेन्ट ने यह बात नहीं की, तो ज्यादा अर्सा कोई इंतजार नहीं करेगा। अब वक्त आ गया है, कोई न कोई बात इस सिलसिले में होनी ही चाहिये—सीलिंग मुकर्रिर की जाय, सारे देश में तमाम सरप्लस जमीन को लिया जाय, इस के लिये वक्त मुकर्रिर किया जाय, तीन महीने के अन्दर-अन्दर सारी जमीने इन भाइयों को एलाट कर दी जाय।

लेकिन एक बात और कहना चाहता हूं—सिर्फ जमीनों से ही 25-30 करोड़ आदमियों का बन्दोबस्त नहीं हो सकता, सिर्फ 1 एकड़ जमीन या 2 एकड़ जमीन या चार बीघे जमीन से काम चलनेवाला नहीं है। देहात के गरीब किसानों या गरीब मेहनतकश मजदूरों में कोई लम्बा चौड़ा फर्क नहीं है, दोनों के दोनों बंगले हैं। किसान के बदन पर लंगोटी है और मजदूर के बदन पर लंगोटी भी नहीं है। मेरे ये भाई जो मदारी बैठे हैं इन्होंने उस बेचारे नंगे मजदूर को लंगोटी वाले छोटे किसान के चिमटा दिया है, उस की लंगोटी उतार लो। कोई लम्बा चौड़ा फर्क नहीं है, उस की लंगोटी उतर जाएगी तो एक या दो एकड़ वाला भी नंगा और ये नंगे हैं ही। उस के बाद दिल्ली, बम्बई या कलकत्ते में जा कर ये लोग एक तरफ मुंह में सिगरेट लगा कर दूसरी तरफ से धुंआ निकालेंगे—खूब इन भाइयों को बेवकूफ बनाया, चन्दा इकट्ठा करेंगे, पार्टी के लिये मेम्बर भरती करेंगे, जलूस निकालेंगे, माला वगैरह पडेंगी और उस बेचारे मजदूर या किसान पर 20-20 मुकदमें चलेंगे और ये लोग हंसेंगे, कैसा पागल बनाया। मेरे जितने हरिजन और बैकवर्ड भाई हैं, वे आप को खूब समझते हैं।

सभापति महोदय : आप इस को फिर जारी रखियेगा।

17.29 hrs.

ARREST OF MEMBER

(Shri Sarjoo Pandey)

MR. CHAIRMAN : I have to inform the House that the Speaker has received the following wireless message, dated the 11th August, 1970, from the Sub-Divisional Magistrate, Jaunpur :

> "Shri Sarjoo Pandey, member, Lok Sabha, arrested today at Jaunpur at 10.30 P. M., under Section 114, Criminal Procedure Code, and lodged in District Jail, Jaunpur, under order of Sub-Divisional Magistrate, Jaunpur."

17.30 hrs.

HALF-AN-HOUR DISCUSSION

Indo-Nepal Trade Talks

SHRI N. K. P. SALVE (Betul) : Mr, Chairman, Sir, our present Treaty with Nepal on Trade and Transit is to terminate on the